संख्या-103/2024/2204/26-3-2024-1610741

प्रेषक,

रजनी कान्त पाण्डेय,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवामें,

निदेशक,
समाज कल्याण,
उ0प्र0, लखनऊ

समाज कल्याण अनुभाग-3 **लखनऊः दिनांकः 13 अगस्त, 2024**

विषयः- अति पिछड़े अनुसूचित जाति समूह बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित एकीकृत विकास योजनान्तर्गत जनपद-अमेठी के विकास खण्ड-जामो के ग्राम-कटारी में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण हेतु पुनरीक्षित आंकलित लागत की धनराशि की प्रशासकीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-741/स0क0/विकास/एकी0वि0यो0/सा0के0-अमेठी(21)/2024-25, दिनांक 24-07-2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अति पिछड़े अनुसूचित जाति समूह बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित एकीकृत विकास योजनान्तर्गत जनपद-अमेठी के विकास खण्ड- जामो के ग्राम कटारी में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था यू0पी0 सिडको द्वारा उपलब्ध करायी गयी पुनरीक्षित आगणित लागत की धनराशि रू0 64.08 लाख पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- उल्लेखनीय है कि कार्यदायी संस्था यू0पी0 सिडको द्वारा उपलब्ध कराये गये आगणन के विभागीय अप्रेजल समिति द्वारा मूल्यांकन एवं परीक्षण उपरान्त उक्त परियोजना की प्रस्तावित लागत रू0-64.25 लाख की धनराशि में 10 प्रतिशत की कटौती करते हुए रू0-57.825 लाख की आंकलित लागत संस्तुत गयी। उक्त संस्तुति के क्रम में शासनादेश दिनांक 28.03.2023 द्वारा प्रश्नगत निर्माण कार्य हेतु आगणित धनराशि रू0 57.825 लाख की निम्नानुसार प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है:-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	कार्यदायी संस्था	आगणित प्रारम्भिक लागत	विभागीय अप्रेजल समिति द्वारा संस्तुति लागत	शासनादेश दिनांक 28.03.2023 द्वारा 05 प्रतिशत की धनराशि रोकते हुए स्वीकृत लागत	आगणित पुनरीक्षित लागत
1	जनपद अमेठी के विकास खण्ड- जामो के ग्राम कटारी में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण।	यू0पी0 सिडको।	64.25	57.825	54.93	64.08

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अनुदान संख्या-83 के लेखाशीर्ष-4225-01-789-10-1004 सामुदायिक विकास केन्द्र का निर्माण-24-बृहद निर्माण कार्य मद के अन्तर्गत अति पिछड़े अनुसूचित जाति समूह बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित एकीकृत विकास योजनान्तर्गत जनपद-अमेठी के विकास खण्ड- जामो के ग्राम कटारी में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था यू0पी0 सिडको द्वारा उपलब्ध करायी गयी पुनरीक्षित आगणित लागत की धनराशि

रू0 64.08 लाख (रूपये ,चौसठ लाख आठ हजार मात्र) की प्रशासकीय स्वीकृति श्री राज्यपाल द्वारा इस शर्तो एवं प्रतिबन्धों के आधीन प्रदान की जाती है कि वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 04.03.2024 एवं अन्य वित्तीय नियमों/सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04.03.2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

Signed by Rajani Kant Pandey
Date: 13-08-2024 14:03:00

भवदीय,

(रजनी कान्त पाण्डेय)
उप सचिव।

पृ0संख्या-107/2024/2204(1)/26-3-2024 तददिनांक:

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार,(लेखा एवं हकदारी)प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार,(लेखा परीक्षा)प्रथम एंव द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ।
5- जिलाधिकारी, अमेठी।
6- जिला समाज कल्याण अधिकारी, अमेठी ।
7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
8- प्रबंध निदेशक, यू0पी0 सिडको, लखनऊ।
9- वित्त नियंत्रक, निदेशालय, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
10- निदेशक, एन0आई0सी0।
11- गार्डफाइल।

(रजनी कान्त पाण्डेय)
उप सचिव